सीएम योगी ने ऋण वितरण कार्यक्रम में महिला कामगार को चेक देने के साथ उसके बच्चे को चॉकलेट दी। -अमर उजाला

50 हजार करोड़ का ऋण बांट बनाया रिकॉर्ड

लखनऊ। विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एमएसएमई उद्यमियों व कुशल कामगारों को 50,000 करोड़ रुपये ऋण देकर इतिहास रच दिया। इसी के साथ यूपी देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने एक बार में इतने बड़े पैमाने पर उद्यमियों को ऋण दिया है।

सीएम योगी ने शनिवार को 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' योजना के अंतर्गत लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा

सीएम बोले- यूपी के कामगारों के श्रम को अब मिल रहा उचित सम्मान

कारोबारी सुगमता में रोड़ा बने अफसरों को तत्काल हटाएं... अंदर पढ़ें

कि ये नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। ओडीओपी योजना 2018 में इसलिए लागू की गई क्योंकि तब प्रदेश में एमएसएमई दम तोड़ रहा था। योजना ने छोटे उद्यमियों को संजीवनी दी। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना पर बोले कि इसे 2019 में लागू किया गया क्योंकि मेहनतकश परंपरागत कामगारों के श्रम को उचित सम्मान नहीं मिल रहा था। ऋण, टूल किट व प्रशिक्षण से उन्हें उचित पारिश्रमिक मिलेगा। उनकी आय में तीन से चार गुना की वृद्धि होगी। ब्यूरो

>> डिजिटल पेमेंट करने वाले कामगारों को ब्याज में सब्सिडी देने की तैयारी : पढ़ें अंदर